नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| Question Booklet No. |
|---|
| |

No. of Questions – **23**

No. of Printed Pages – **11**

**P-121-Hindi(D&D)**

# प्रवेशिका (मूक–बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2025

## हिन्दी

**समय : 4 घण्टे 15 मिनिट**

**पूर्णांक : 40**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों के **अ, ब, स, द, य, ड, च** खण्ड हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – 'अ'

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **[10×½=5]**

1) श्री कृष्ण ने गोपियों को समझाने के लिए किसे भेजा ? **[½]**

अ) उद्धव को  ब) सूरदास को  स) भ्रमर को  द) अक्रूर को

2) तुलसीदास द्वारा रचित ग्रंथ नहीं है **[½]**

अ) रामचरित मानस  ब) भ्रमरगीत

स) कवितावली  द) विनयपत्रिका

3) 'निराला' नाम से प्रसिद्ध कवि हैं **[½]**

अ) जयशंकर प्रसाद  ब) हरिवंशराय बच्चन

स) सूर्यकान्त त्रिपाठी  द) गिरिजा कुमार

4) कवि के अनुसार 'फसल' है **[½]**

अ) नदियों के पानी का जादू  ब) हाथों के स्पर्श की महिमा

स) मिट्टी का गुण  द) उपर्युक्त सभी

5) 'संगतकार' किस-किस क्षेत्र में दिखाई देता है ? **[½]**

अ) गायन के क्षेत्र में  ब) समाज में

स) युद्ध में  द) सभी क्षेत्रों में

6) कस्बे में किसकी मूर्ति लगी हुई थी ? **[½]**

अ) नेताजी की  ब) गाँधीजी की  स) नेहरूजी की  द) पटेलजी की

7) 'लखनवी अंदाज' अध्याय के लेखक हैं **[½]**

अ) यशपाल  ब) जयशंकर प्रसाद

स) धर्मपाल  द) सुमित्रानन्दन पंत

8) 'भदंत आनंद कौसल्यायन' थे **[½]**

अ) जैन मुनि  ब) बौद्ध भिक्षु  स) सन्यासी  द) पंडित

9) सिक्किम की राजधानी है **[½]**

अ) गंगटोक  ब) ल्हासा  स) उत्तराखण्ड  द) बिहार

10) 'हिरोशिमा' नामक स्थान स्थित है **[½]**

अ) रूस में  ब) अमेरिका में  स) जापान में  द) चीन में

## खण्ड –‘ब’

**2.** निम्नलिखित में से किसी **एक** अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[5×½=2½]**

सभी धर्म हमें एक ईश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं, अलग-अलग रास्तों पर चलकर भी हम एक ही स्थान पर पहुँचते हैं, इसमें किसी को दु:ख नहीं होना चाहिए । हमें सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना चाहिए, दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने में धर्म का क्षेत्र व्यापक बनता है । हमारी धर्म के प्रति अंधता मिटती है, इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र बनता है । यह बात लगभग असम्भव है, कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा ।

1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है **[½]**

अ) सभी धर्मों के प्रति समभाव  ब) धार्मिक असमानता

स) सामाजिक समानता  द) आर्थिक समानता

2) सभी धर्म हमें कहाँ पहुँचाने के साधन है ? **[½]**

अ) ईश्वर तक  ब) लक्ष्य तक

स) सम्पत्ति तक  द) इनमें से कोई नहीं

3) हमें सभी धर्मों के प्रति कैसे भाव रखने चाहिए ? **[½]**

अ) समान भाव  ब) असमानता का भाव

स) घृणा का भाव  द) इनमें से काई नहीं

4) धर्म के प्रति समभाव रखने से क्या होता है ? **[½]**

अ) धर्म का क्षेत्र व्यापक होना  ब) धार्मिक अंधता मिटना

स) ज्ञानमय और पवित्र होना  द) उपर्युक्त सभी

5) धरती का पर्यायवाची है **[½]**

अ) पृथ्वी  ब) धर्म

स) ईश्वर  द) आकाश

**अथवा**

भारत की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई जनसंख्या राष्ट्र की एक भयानक समस्या है । देश की समृद्धि के लिए सरकार द्वारा किये श्रेष्ठ कार्यों में गतिरोध उत्पन्न होने का एक प्रमुख कारण जनसंख्या का निरन्तर बढ़ना । अत: राष्ट्रीय सरकार ने इसके समाधान के लिए परिवार नियोजन का आह्वान किया है । परिवार नियोजन का महत्व आर्थिक तथा मानवीय दोनों दृष्टियों से है । आर्थिक दृष्टि से यह है कि अधिक जनसंख्या बोझ बन जाती है ।

1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है [½]
अ) जनसंख्या वृद्धि से हानि ब) जनसंख्या वृद्धि से लाभ
स) भोजन की कमी द) पोषण की कमी

2) भारत की भयानक समस्या कौन-सी है ? [½]
अ) शिक्षा की समस्या ब) पर्यटन की समस्या
स) बढ़ती जनसंख्या द) भोजन की समस्या

3) सरकार ने परिवार-नियोजन का आह्वान क्यों किया है ? [½]
अ) सबको खुश करने के लिए ब) जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए
स) सबको घूमने की सुविधा देने के लिए द) परस्पर मेल-जोल बढ़ाने के लिए

4) परिवार-नियोजन का महत्व है [½]
अ) आर्थिक और मानवीय दोनों दृष्टियों से
ब) केवल आर्थिक दृष्टि से
स) केवल मानवीय दृष्टि से
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5) देश की समृद्धि के लिए हानिकारक है [½]
अ) जनसंख्या में बच्चों की संख्या कम होना
ब) जनसंख्या का निरन्तर बढ़ना
स) वृद्धों की संख्या कम होना
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** अपठित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[5×½=2½]**

वीर जवानों सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है ।
जिस धरती ने तुमको सींचा
अपने खून-पसीने से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीने से ।
जब-जब उठी तुम्हारी बाँहें होता वश में काल है ।

जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया
सूली पर चढ़-चढ़, हँस-हँस कर
कालकूट विष-पान किया ।
जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल है ।

1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [½]
अ) वीर जवान ब) सिपाही स) हवलदार द) कैप्टन

2) कदम बढ़ाने पर दिशाएँ कैसी होती हैं ? [½]
अ) लाल ब) पीली स) काली द) नीली

3) धरती को किससे सींचा गया है ? [½]
अ) खून-पसीने से ब) पानी से
स) दूध-से द) इनमें से कोई नहीं

4) काव्यांश में 'सीने को' किसके समान बताया गया है ? [½]
अ) फूल ब) वज्र स) कागज़ द) मिट्टी

5) काव्यांश में 'पान' का अर्थ है [½]
अ) पीना ब) खाना स) हँसना द) गाना

**अथवा**

जन्म दिया माता-सा जिसने,
किया सदा लालन-पालन,
जिसके मिट्टी जल से ही,
है रचा गया हम सबका तन,
गिरिवर नित रक्षा करते हैं,
उच्च उठा के श्रृंग महान,
जिसके लता द्रुमादिक करते
हमको अपनी छाया दान,

माता केवल बाल-काल में,
निज अंक में धरती है,
हम अशक्त जब तलक तभी तक
पालन-पोषण करती है,
मातृभूमि करती है सबका लालन सदा मृत्यु पर्यन्त,
जिसके दया-प्रवाहों का होता न कभी सपने में अंत ।

1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है [½]
अ) मातृभूमि ब) धरा स) माता द) इनमें से कोई नहीं

2) हम सबका तन किससे रचा गया है ? [½]
अ) मिट्टी ब) जल
स) 'अ' और 'ब' दोनों द) इनमें से कोई नहीं

3) 'अशक्त' शब्द का विलोम है [½]
अ) विकलांग ब) शक्तिहीन स) सशक्त द) स्वावलम्बी

4) 'माता' शब्द का पर्यायवाची है [½]
अ) जननी ब) माँ स) मातृ द) उपर्युक्त सभी

5) माता हमें कब अंक(गोद) में लेती है ? [½]
अ) बाल्यकाल में ब) युवावस्था में स) वृद्धावस्था में द) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड – 'स'

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **150** शब्दों में निबन्ध लिखिए । **[4]**

1) दशहरा
2) हमारे राष्ट्रीय पर्व - स्वतन्त्रता दिवस
3) भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार - योग
4) यदि मैं प्रधानाध्यापक होता

**5.** स्वयं को राज.उ.मा.विद्यालय उदयपुर की छात्रा आशा गुप्ता मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को अपनी बहिन की शादी में सम्मिलित होने के लिए तीन दिन का अवकाश लेने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए । **[3]**

**अथवा**

स्वयं को प्रकाश, राज. माध्यमिक विद्यालय अजमेर का छात्र मानते हुए अपने पिता का स्थानान्तरण जयपुर हो जाने के कारण स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए । **[3]**

## खण्ड – 'द'

6. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए । [½+½=1]
   क) राम एक अच्छा लड़का है । [½]
   ख) जयपुर सुन्दर शहर है । [½]

7. क) विशेषण की परिभाषा लिखिए । [½]
   ख) विशेषण के समस्त भेदों के नाम भी लिखिए । [½]

8. 'काल' की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों के नाम लिखिए । [½+½=1]

9. निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए । [½+½=1]
   क) शहद बहुत मीठी है । [½]
   ख) मैं प्रात:काल के समय घूमने जाता हूँ । [½]

10. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए । [½+½=1]
   क) शिव का उपासक [½]
   ख) बहुत मेहनत करने वाला [½]

## खण्ड –'य'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [5×½=2½]

अमीरुद्दीन की उम्र अभी 14 साल है । मसलन बिस्मिल्ला खाँ की उम्र अभी 14 साल है । वही काशी है । वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए जाना पड़ता है । मगर एक रास्ता है बालाजी मंदिर तक जाने का यह रास्ता रसूलन बाई और बतूलन बाई के यहाँ से होकर जाता है । इस रास्ते से अमीरुद्दीन को जाना अच्छा लगता है । इस रास्ते न जाने कितने तरह के बोल-बनाव कभी ठुमरी, कभी टप्पे, कभी दादरा के मार्फत ड्योढ़ी तक पहुँचते रहते हैं । रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है । अपने ढ़ेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली है । एक प्रकार से उनकी अबोध उम्र में अनुभव की स्लेट पर संगीत प्रेरणा की वर्णमाला रसूलन बाई और बतूलन बाई ने उकेरी है ।

1) बिस्मिल्ला खाँ को रियाज़ के लिए कहाँ जाना पड़ता है ? [½]
   अ) नौबतखाने में  ब) मस्जिद में  स) अकेडमी में  द) स्कूल में

2) अमीरुद्दीन को बालाजी के मन्दिर तक जाने के लिए कौन–सा रास्ता अच्छा लगता है ? [½]

अ) रसूलन बाई और बतूलन बाई के यहाँ से

ब) स्कूल के पास से

स) मस्जिद से

द) इनमें से कोई नहीं

3) अमीरुद्दीन अपने जीवन में संगीत का प्रथम प्रेरक किसे मानते हैं ? [½]

अ) रसूलन बाई और बतूलन बाई को   ब) पिता को

स) माता को   द) इनमें से काई नहीं

4) उपर्युक्त गद्यांश में से 'अभ्यास' शब्द का दूसरा शब्द लिखिए । [½]

अ) रियाज़   ब) लिखना   स) अनुभव   द) इनमें से कोई नहीं

5) गद्यांश में से 'विरक्ति' शब्द का विलोम छाँटकर लिखिए । [½]

अ) आसक्ति   ब) प्रेम   स) अपनत्व   द) इनमें से कोई नहीं

**अथवा**

आग के आविष्कार में कदाचित पेट की ज्वाला की प्रेरणा एक कारण रही । सुई–धागे के आविष्कार में शायद शीतोष्ण से बचने का शरीर को सजाने की प्रवृत्ति का विशेष हाथ रहा । अब कल्पना कीजिए उस आदमी की जिसका पेट भरा है, जिसका तन ढँका है, लेकिन जब वह खुले आकाश के नीचे सोया हुआ रात के जगमगाते तारों को देखता है, तो उसको केवल इसलिए नींद नहीं आती क्योंकि वह यह जानने के लिए परेशान है कि आखिर यह मोती भरा थाल क्या है ? पेट भरने और तन ढँकने की इच्छा मनुष्य की संस्कृति की जननी नहीं है ।

1) उपर्युक्त गद्यांश का लेखक कौन है ? [½]

अ) मन्नू भण्डारी   ब) भदंत आनंद कौसल्यायन

स) स्वयं प्रकाश   द) यतींद्र मिश्र

2) आग के आविष्कार की प्रेरणा का कारण लिखिए । [½]

अ) पेट की ज्वाला   ब) मन की ज्वाला

स) वन की ज्वाला   द) समुद्र की ज्वाला

3) निम्नलिखित में से 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची है [½]

अ) नदी   ब) जलद   स) गगन   द) नीरज

4) प्रस्तुत गद्यांश में 'मनुष्य की संस्कृति की जननी' किसे नहीं माना गया है ? [½]

अ) पेट भरने और तन ढँकने की इच्छा को

ब) खेलने कूदने को

स) अच्छा व्यवहार करने को

द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5) सुई-धागे के आविष्कार का विशेष कारण है [½]

अ) सुंदर दिखाई नहीं पड़ना

ब) सर्दी-गर्मी से बचना एवं शरीर को सजाने की प्रवृत्ति

स) अलग दिखाई देना

द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [5×½=2½]

मन की मन ही माँझ रही ।
कहिए जाइ कौन पै उधौ, नाही परत कही ।
अवधि अधार आस आवन की, तन-मन बिथा सही ।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही ।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं उत तैं धार बही ।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यों मरजादा न लही ।।

1) प्रस्तुत पद किसके द्वारा लिखित है ? [½]

अ) मीरा ब) सूरदास स) दादूदयाल द) तुलसीदास

2) किसके मन की बात मन में ही रह गई ? [½]

अ) यशोदा की ब) राधा की स) गोपियों की द) नंद बाबा की

3) गोपियाँ अपने मन में कौन-सी बात रखे हुए हैं ? [½]

अ) कृष्ण से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति की

ब) मथुरा घुमाने की

स) होली खेलने की

द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4) गोपियों की विरहाग्नि और क्यों बढ़ गई ? [½]
अ) रास रचा कर ब) भ्रमर को देखकर
स) योग–संदेश सुनकर द) कंस का वध सुनकर

5) 'धार बही' का आशय है [½]
अ) योग की प्रबल धारा का आना ब) प्रेम की धारा बहना
स) दूध की धारा बहना द) नफरत की धारा बहना

**अथवा**

सुनि मुनिबचन लखन मुसकाने । बोले परसु धरहि अवमाने ।।
बहु धनुही तोरी लरिकाई । कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाई ।।
रे नृप बालक कालबस बोलत तोहि न सँभार ।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु विदित सकल संसार ।।

1) "बहु धनुही तोरि लरिकाई । कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाई ।।" यह कथन किसका है ? [½]
अ) लक्ष्मण ब) परशुराम स) राम द) इनमें से कोई नहीं

2) लक्ष्मण के वचन सुनकर कौन क्रोधित हुए ? [½]
अ) लक्ष्मण ब) राम स) परशुराम द) इनमें से कोई नहीं

3) 'त्रिपुरारी' किसे कहा गया है ? [½]
अ) शिवजी को ब) लक्ष्मण को स) राम को द) इनमें से कोई नहीं

4) 'क्रोधित' शब्द का समानार्थी शब्द है [½]
अ) कुपित ब) मुस्कान स) सकल द) इनमें से कोई नहीं

5) 'धनुष' का पर्यायवाची लिखिए । [½]
अ) धनु ब) कमान स) राम द) इनमें से कोई नहीं

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न : **[4×½=2]**

**13.** गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ? [½]

**14.** स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए । [½]

**15.** हालदार साहब 'भावुक' क्यों हो गए ? [½]

**16.** भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? [½]

लघूत्तरात्मक प्रश्न : [2×1=2]

**17.** लेखक को देखकर नवाब साहब की क्या प्रतिक्रिया हुई ? [1]

**18.** 'संगतकार' के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत कर रहा है ? [1]

निबंधात्मक प्रश्न : [2×2=4]

**19.** लेखक 'भदंत आनंद कौसल्यायन' ने संस्कृति और सभ्यता को कैसे समझाया है ? उदाहरण सहित लिखिए । [2]

**अथवा**

बिस्मिल्ला खाँ के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए । [2]

**20.** कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने अपनी कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा है ? विस्तार से उत्तर लिखिए । [2]

**अथवा**

जयशंकर प्रसाद की कविता 'आत्म कथ्य' का सार अपने शब्दों में लिखिए । [2]

## खण्ड – 'ड'

**21.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का जीवन-परिचय लिखिए : [1]

अ) तुलसीदास

ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

स) मन्नू भंडारी

द) रामवृक्ष बेनीपुरी

## खण्ड – 'च'

**22.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [2×1½=3]

क) लेखक ने अपने पिताजी के बुलाने पर भी उनके पास नहीं आकर अपनी माँ की गोद में जाकर क्यों शरण ली ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए । [1½]

ख) प्रदूषण के कारण 'स्नोफॉल' में कमी का जिक्र किया गया है । प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आए हैं ? [1½]

ग) एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में आपकी क्या भूमिका है ? [1½]

**23.** लेखक को कौन-सी बात लिखने के लिए प्रेरित करती है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए । [1]

DO NOT WRITE ANYTHING HERE